# SH. L.N. Hindu College, Rohtak



# Department of Political Science
# Annual Activity Report (2022-23)







**Head, Department of {Political Science**

**Dr. Rajni Kumari**

**Assistant professor (Political Science)**

**Ph.: 9466353106**

**E.mail:**

**gahlawat.rajnikumari@gmail.com**



**Dr. Promila Yadav**

**Assistant professor (Political Science)**

**Ph.: 9466497346**


**E,mail:**

**Depromilayadav09@gmail.com**

Producing employable graduates' is a part of the process of education. It encompasses the full educational spectrum of values from imparting knowledge and understanding to develop the skills and attributes. Employability skills are not as narrowly prescribed and defined as in the past and generally, they are more 'service oriented', making information and social skills increasingly important. Employability depends on the knowledge, skills and attitude of the youth. The students have to apply the knowledge/skills to derive benefit and get the employment. The methods which provide the opportunities for application of knowledge or practice include: Case study, Projects, Workshops, Assignments and practical skills. To ensure the students of higher education to get connected to employment, they must aware of various employment opportunities, have high aspirations, skills necessary to manage their careers, appropriate work experience, the ability to make effective applications for employment, Transferable Skills such as Writing Skills, IT Skills, Personal Development, Presentation Skills, Team Work, Research Skills, Multiple skills etc..

## Aims and objective of Department of Political Science

1. The Political Science stream *provides* graduates with the skills needed to pursue an advanced area and increase their earning potential & creates awareness among young minds and educates them about their right, duties, benefits and laws.
2. The students in Political Science *Bachelor's* program also develop a strong understanding of local and global politics, diplomacy, Law and Political theories & strives to make young girls aware about their constitutional legal rights & duties.
3. The students also developed in-depth knowledge of current domestic and international political theories, policies processes and law.
4. Students may analyze the fundamental problems in human society such as world peace, economic crisis, globalization, international trade and more.
5. Politics influence every aspect of our life and contribute to the well-being of a nation including education employment health care and housing.
6. The political science *Bachelor's* program helps us to better understand how governments operate and interact, the impact of government policies on economic stability and growth, and how law affects social and political change.
7. This program enables graduates to embark on a professional career in many areas of politics or to continue in the future Master`s degree & PhD programs in Political Science.



## Types of competitions organized for the students at College Level, District Level, Division Level, State Level & National Level


- Skit
- Quiz
- Debate
- Essay Writing
- Slogan Writing
- Poetry recitation
- National Seminar
- Declamation Contest
- On the spot painting
- Power Point Presentation
- Political Science Exhibition
- Documentary film on social legal issues.



# INDEX


| ***Sr. No.*** | ***Date*** | ***Activity*** | ***No. of Participants*** | ***Page No.*** |
|---|---|---|---|---|
| ***1.*** | 15.09.22 | Extension Lecture | 123 | 06 |
| ***2.*** | 18.10.22 | Declamation Competition | 22 | 10 |
| ***3.*** | 05.11.22 | Poster Making & Slogan Writing under Vigilance Awareness Week | 72 | 13 |
| ***4.*** | 25.01.23 | Oath Ceremony on National Voters Day | 70 | 18 |
| ***5.*** | 07.02.23 | Quiz Competition | 18 | 21 |
| ***6.*** | 13.04.23 | Group Discussion on Dr Bhim Rao Ambedkar Jayanti | 31 | 27 |

## 1. Extension Lecture on International Democracy Day (15 September 2022)



SH. L.N. Hindu College, Rohtak

Date: 05.09.2022

**NOTICE**

The Department of Political Science is going to organize an Extension Lecture on the occasion of International Democracy Day on 15 September 2022 at 1:00 p.m. in Room No. A-104.

H.O.D.

Political Science

Principal

श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय में राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ रश्मि छाबड़ा जी की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के अवसर पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसका विषय लोकतंत्र के सिद्धांतों को बढ़ावा देना रहा । इस अवसर पर प्राचार्य डॉ रश्मि छाबड़ा जी ने कहा कि मानव अधिकारों की सुरक्षा और प्रभावी प्राप्ति के लिए लोकतंत्र सर्वोपरि है इसीलिए अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस महत्वपूर्ण है क्योंकि यह सभी देशों की सरकारों को लोकतंत्र के सिद्धांतों को मजबूत करने के लिए प्रोत्साहित करता है । इस अवसर पर बतौर रिसोर्स पर्सन राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ रजनी कुमारी ने अपने व्याख्यान के माध्यम से विद्यार्थियों को जानकारी दी कि अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस हर साल 15 सितंबर को मनाया जाता है । संयुक्त राष्ट्र यूएन के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस दुनिया में लोकतंत्र की स्थिति की समीक्षा करने का अवसर प्रदान करता है यह दिन लोकतंत्र के समुचित कार्य के लिए सभी सदस्य देशों की भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डालता है. संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 8 नवंबर 2007 को नए या पुनर्स्थापित लोकतंत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक प्रस्ताव पारित करके अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस की स्थापना की और वर्ष 2008 से प्रत्येक वर्ष 15 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है । भारत दुनिया में सबसे बड़ा लोकतंत्र है , दुनिया में सबसे बड़ी मतदान आबादी में से एक है और किसी भी लोकतंत्र को जीवित सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार, स्वतंत्र प्रेस और न्यायपालिका तथा मानव अधिकारों की सुरक्षा करके ही रखा जा सकता है । इस वर्ष की थीम लोकतंत्र के सिद्धांतों को बनाए रखने और बढ़ावा देना है। विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक व्याख्यान को सुनते हुए प्रश्न भी पूछे जिनका संतोषजनक उत्तर डॉ रजनी कुमारी के द्वारा दिए गए । इस विस्तार व्याख्यान का सफल संचालन राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ रजनी कुमारी एवं डॉ प्रमिला यादव के दिशा निर्देशन में किया गया । अंत में डॉ प्रोमिला के द्वारा धन्यवाद किया गया. इस विस्तार व्याख्यान में 123 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए. इस अवसर पर प्राचार्य डॉ रश्मि छाबड़ा, डॉ अनिला कुमारी , डॉ मीनाक्षी, डॉ अंजू देशवाल, विभागाध्यक्ष डॉ रजनी कुमारी, डॉ प्रमिला यादव, डॉ सुमित दहिया, डॉ प्रदीप, डॉ प्रवीण, हर्षिता और विद्यार्थी उपस्थित रहे.



# मानव अधिकारों की सुरक्षा को लोकतंत्र सर्वोपरि: डॉ. रश्मि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय में राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के अवसर पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. रश्मि छाबड़ा ने की। व्याख्यान का विषय लोकतंत्र के सिद्धांतों को बढ़ावा रहा।

प्राचार्या डॉ. रश्मि छाबड़ा ने कहा कि मानव अधिकारों की सुरक्षा और प्रभावी प्राप्ति के लिए लोकतंत्र सर्वोपरि है, इसीलिए अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस महत्वपूर्ण है क्योंकि यह सभी देशों की सरकारों को लोकतंत्र के सिद्धांतों को मजबूत करने के लिए प्रोत्साहित करता है। राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. रजनी कुमारी ने व्याख्यान के माध्यम से विद्यार्थियों को जानकारी दी कि अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस हर साल 15 सितंबर को मनाया जाता है, संयुक्त राष्ट्र यूएन के अनुसार अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस दुनिया में लोकतंत्र की स्थिति की समीक्षा करने का अवसर प्रदान करता है।

कार्यक्रम का संचालन राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. रजनी कुमारी एवं डॉ. प्रमिला यादव के दिशा निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. रश्मि छाबड़ा, डॉ. अनिला कुमारी, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. अंजू देशवाल, विभागाध्यक्ष डॉ. रजनी कुमारी, डॉ. प्रमिला यादव, डॉ. सुमित दहिया, डॉ. प्रदीप, डॉ. प्रवीण, हर्षिता आदि मौजूद रहे।

# मानव अधिकारों की प्रभावी प्राप्ति और सुरक्षा के लिए लोकतंत्र सर्वोपरि : डा . रश्मि छाबड़ा

जागरण संवाददाता, रोहतक : लाल नाथ हिंदू कालेज के राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा प्राचार्य डा. रश्मि छाबड़ा की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के अवसर पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसका विषय लोकतंत्र के सिद्धांतों को बढ़ावा रहा। इस अवसर पर प्राचार्य डा. रश्मि छाबड़ा ने कहा कि मानव अधिकारों की सुरक्षा और प्रभावी प्राप्ति के लिए लोकतंत्र सर्वोपरि है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस महत्वपूर्ण है। क्योंकि यह सभी देशों की सरकारों को लोकतंत्र के सिद्धांतों को मजबूत करने के लिए प्रोत्साहित करता है। इस अवसर पर बतौर रिसोर्स पर्सन राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष डा. रजनी कुमारी ने अपने व्याख्यान के माध्यम से विद्यार्थियों को जानकारी दी कि अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस हर साल 15 सितंबर को मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र यूएन के अनुसार अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस दुनिया में लोकतंत्र की स्थिति की समीक्षा करने का अवसर प्रदान करता है। लोकतंत्र के समुचित कार्य के लिए सभी सदस्य देशों की भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डालता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने आठ नवंबर 2007 को नए या पुनर्स्थापित लोकतंत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक प्रस्ताव पारित करके अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस की स्थापना की। विस्तार व्याख्यान में 123 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए। इस अवसर पर प्राचार्य डा. रश्मि छाबड़ा, डा. अनिला कुमारी, डा. मीनाक्षी, डा. अंजू देशवाल आदि मौजूद थे।




लाल नाथ हिंदू कालेज में आयोजित व्याख्यान संबोधित करते हुए डा . रजनी। • जागरण

# अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस पर हिंदू कॉलेज में व्याख्यान



रोहतक, गिरीश सैनी। श्रीलाल नाथ हिंदू कॉलेज में राजनीति शास्त्र विभाग की ओर से वीरवार को अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के अवसर पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान का विषय लोकतंत्र के सिद्धांतों को बढ़ावा रहा। प्राचार्य डॉ. रश्मि छाबड़ा ने कहा कि मानव अधिकारों की सुरक्षा और प्रभावी प्राप्ति के लिए लोकतंत्र सर्वोपरि है। इसीलिए अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस महत्वपूर्ण है क्योंकि यह सभी देशों की सरकारों को लोकतंत्र के सिद्धांतों को मजबूत करने के लिए प्रोत्साहित करता है। बतौर रिसोर्स पर्सन राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. रजनी कुमारी ने विद्यार्थियों को जानकारी दी कि अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस हर साल 15 सितंबर को मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस दुनिया में लोकतंत्र की स्थिति की समीक्षा करने का अवसर प्रदान करता है। यह दिन लोकतंत्र के समुचित कार्य के लिए सभी सदस्य देशों की भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डालता है। इस वर्ष का थीम लोकतंत्र के सिद्धांतों को बनाए रखना और बढ़ावा देना है। व्याख्यान में लगभग 123 विद्यार्थियों ने लिया और रिसोर्स पर्सन से प्रश्न भी पूछे। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. रश्मि छाबड़ा, डॉ. अनिला कुमारी, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. अंजू, डॉ. प्रमिला यादव, डॉ. सुमित, डॉ. प्रदीप, डॉ. प्रवीण, हर्षिता और विद्यार्थी मौजूद रहे।

## 2. Declamation Competition (18 October 2022)



# SH. L.N. Hindu College, Rohtak

Date: 08.10.2022

**NOTICE**

All the students are informed that Department of Political Science is going to organize a Declamation Competition on 18 October 2022 at 1:00 p.m. in Room No. A-104. Interested students can give their name to Dr. Rajni Kumari & Dr. Promila Yadav up to 17 October 2022.

**Rules of the competition:**

1. Language – Hindi/English
2. Duration – 3-5 Minutes

**Topics of the competition:**

1. Freedom of the Press
2. India as an Emerging Power
3. Role of Judiciary in present era
4. Youth and social media
5. Cyber Security

**H.O.D.**

**Political Science**

**Principal**

श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ रश्मि छाबड़ा जी की अध्यक्षता में राजनीतिक शास्त्र विभाग द्वारा "भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके विषय "युवा और सोशल मीडिया", प्रेस की स्वतंत्रता"एवं "साइबर सुरक्षा"रहे। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ रश्मि छाबड़ा जी ने कहा कि आज के समय में मिडिया का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है, मिडिया के माध्यम से हम प्रतिदिन घटनाओं से अवगत रहते हैं। मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ कहा जाता है और अंत में उन्होंने कहा कि इस तरह प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में ज्ञान बुद्धि और तर्क शक्ति का विकास होता है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन हमें विभिन्न अवसरों पर करवाते रहना चाहिए। विभागाध्यक्ष डॉ रजनी कुमारी ने बताया कि समाज में मीडिया की भूमिका संवादवहन की होती है वह समाज के विभिन्न वर्गों सत्ता केंद्रों व्यक्तियों और संस्थाओं के बीच पुल का कार्य करता है और उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न संकायों से कुल 22 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा । प्रथम स्थान-विनय (बी.सी.ए.अंतिम वर्ष), द्वितीय स्थान-शाक्षी पटेल(बी.बी.ए.अंतिम वर्ष) एवं तृतीय स्थान-शेफाली (बी.कॉम.ऑनर्स, द्वितीय वर्ष) तथा अमन बी.ए.द्वितीय वर्ष) पर रहे। निर्णायक मंडल की भूमिका श्रीमती मिनाक्षी गुगनानी एवं डॉ सुमित कुमारी दहिया ने निभाई।इस प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक संचालन विभागाध्यक्ष डॉ रजनी कुमारी व डॉ प्रोमिला के दिशानिर्देशन मे सम्पन्न हुआ। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ रश्मि छाबड़ा जी ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी और राजनीतिक विभाग के समस्त सदस्यों को प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए सराहना की। । इस अवसर पर प्राचार्या डॉ रश्मि छाबड़ा, डॉ मिनाक्षी गुगनानी, डॉ अंजू देशवाल, डॉ रजनी कुमारी, डॉ सुमित कुमारी दहिया, हर्षिता, प्रदीप शयोराण किरण देवी आदि अन्य प्राध्यापक गण एवं सभी प्रतिभागी मौजूद रहे।











### 3. Poster Making, Slogan Writing, & Group Discussion Competition (05 November 2022)

श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय में कॉलेज प्राचार्य डॉ रश्मि छाबड़ा जी की अध्यक्षता में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाने के तहत राजनीति शास्त्र विभाग के द्वारा पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ रजनी कुमारी ने बताया कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्म जयंती से शुरू होता है।सरदार साहब का पूरा जीवन इमानदारी, पारदर्शिता के लिए समर्पित रहा और और जीवन के सभी क्षेत्रों में सत्य निष्ठा का संदेश फैलाने के लिए सभी हित धारकों को एक साथ लाने के लिए केंद्रीय सतर्कता आयोग हर साल सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाता है। इस वर्ष यह 31 अक्टूबर से 6 नवंबर तक एक विकसित राष्ट्र के लिए भ्रष्टाचार मुक्त भारत विषय के साथ मनाया जा रहा है। भ्रष्टाचार किसी भी राष्ट्र के सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक विकास को रोक देता है अतः आज सभीनागरिकों वह संस्थाओं का दायित्व बन जाता है कि भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध एकजुट होकर कार्यवाही की जाए। राजनीति विभाग शास्त्र द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न संकाय से 72 प्रतिभागियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया. अपनी रचनात्मकता व्यस्त रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए सभी ने बेहतरीन पोस्टर और स्लोगन बनाए। इस पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान केशव , द्वितीय स्थान यश और सागर ,तृतीय स्थान नकुल व चाहत ने प्राप्त किया. स्लोगन लेखन मे प्रथम स्थान सागर ,द्वितीय स्थान यश व अनिल, तृतीय स्थान किरण ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ मीनाक्षी गुगनानी, डॉ रजनी कुमारी तथा डॉ प्रोमिला यादव ने निभाई।इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ रश्मि छाबड़ा जी ने कहा की सी.वी.सी एक ऐसी संस्था है जो पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयासों को प्रोत्साहित करती है तथा भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए हर व्यक्ति को आगे आने की आवश्यकता है तभी भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त कर एक सशक्त विकसित भारत का निर्माण संभव है। इस तरह की प्रतियोगिताओं का उद्देश्य युवा विद्यार्थियों में समाज में व्याप्त विभिन्न समस्याओं के प्रति जागरूकता ,संवेदनशीलता को उत्पन्न करना है ताकि भविष्य में युवा विद्यार्थी अपने कर्तव्यों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन कर सके। साथ ही उन्होंने इस पोस्टर स्लोगन प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए राजनीति शास्त्र विभाग को बधाई दी।प्रतियोगिता का सफल आयोजन विभागाध्यक्ष डॉ रजनी कुमारी और प्रोमिला यादव के सफल संचालन में संपन्न हुआ।


CORRUPTION FREE INDIA
STOP CORRUPTION


STOP
Corruption


What Kills Corruption
CORRUPTION CONTROL


HONESTY
pays Honors
&
CORRUPTION
pays Dishonors...


भ्रष्टाचार है एक बीमारी,
दण्डित हो हर भ्रष्टाचारी।
CORRUPTION


रिश्वत लेना और
देना पाप है
ये ही भ्रष्टाचार
की शुरुआत है






SAY NO TO
CORRUPTION
EVERY
NO
COUNTS
RAISE YOUR
VOICE AGAINS
CORRUPTION


भ्रष्टाचार
को दूर करो,
बेहतर देश का
निर्माण करो..


भ्रष्टाचार
को दूर करो,
बेहतर देश का
निर्माण करो..


भ्रष्टाचार है एक बीमारी,
दण्डित हो हर भ्रष्टाचारी।
CORRUPTION




भ्रष्टाचार है एक बीमारी,
दण्डित हो हर भ्रष्टाचारी।
CORRUPTION


SAY NO TO
CORRUPTION
EVERY
NO
COUNTS
RAISE YOUR
VOICE AGAINS
CORRUPTION


भ्रष्टाचार
को दूर करो,
बेहतर देश का
निर्माण करो..
STOP
STOP


भ्रष्टाचार है एक बीमारी,
दण्डित हो हर भ्रष्टाचारी।
CORRUPTION


SAY NO TO
CORRUPTION
EVERY
NO
COUNTS
RAISE YOUR
VOICE AGAINS
CORRUPTION


STOP
CORRUPTION
STOP
THIS!

# पोस्टर मेकिंग में केशव, स्लोगन लेखन में सागर बने विजेता




**रोहतक, गिरीश सैनी।** श्रीलाल नाथ हिंदू कॉलेज में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत राजनीति शास्त्र विभाग की ओर से पोस्टर मेकिंग व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रश्मि छाबड़ा ने की।

राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. रजनी कुमारी ने बताया कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती से शुरू होता है। सरदार पटेल का पूरा जीवन ईमानदारी व पारदर्शिता के लिए समर्पित रहा। जीवन के सभी क्षेत्रों में सत्यनिष्ठा का संदेश फैलाने व सभी हितधारकों को एक साथ लाने के लिए केंद्रीय सतर्कता आयोग हर साल सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाता है। इस साल 31 अक्टूबर से 6 नवंबर तक एक विकसित राष्ट्र के लिए भ्रष्टाचार मुक्त भारत विषय के साथ यह सप्ताह मनाया जा रहा है।

इस प्रतियोगिता में विभिन्न संकायों के 72 प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए पोस्टर व स्लोगन बनाए। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम केशव, द्वितीय यश व सागर और तृतीय नकुल व चाहत रहे। वहीं स्लोगन लेखन में प्रथम सागर, द्वितीय यश व अनिल और तृतीय किरण रहे। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. मीनाक्षी गुगनानी, डॉ. रजनी कुमारी व डॉ. प्रोमिला यादव ने निभाई।


प्राचार्य डॉ. रश्मि छाबड़ा ने कहा कि सीवीसी संस्था पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयासों को प्रोत्साहित करती है। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं का उद्देश्य युवा विद्यार्थियों के भीतर समाज में व्याप्त विभिन्न समस्याओं के प्रति जागरूकता व संवेदनशीलता उत्पन्न करना है।

# पोस्टर में केशव व स्लोगन में सागर ने मारी बाजी



रोहतक। श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय के राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्राचार्या डॉ. रश्मि छाबड़ा ने बताया कि प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न संकाय से 72 प्रतिभागियों ने भाग लिया। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान केशव, द्वितीय स्थान यश व सागर तथा तृतीय स्थान नकुल व चाहत ने हासिल किया। वहीं स्लोगन लेखन में प्रथम सागर, द्वितीय यश व अनिल तथा तृतीय स्थान किरण ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. मीनाक्षी गुगनानी, राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. रजनी कुमारी तथा डॉ. प्रोमिला यादव ने निभाई। डॉ. रश्मि छाबड़ा ने कहा कि भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए हर व्यक्ति को आगे आने की आवश्यकता है तभी भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त कर एक सशक्त विकसित भारत का निर्माण संभव है।

## 4. Oath on National Voters Day (25 January 2023)



# SH. L.N. Hindu College, Rohtak

Date: 20.01.2023

**NOTICE**

This is to inform all that Department of political science is going to organize a Oath Taking Ceremony on National Voter`s Day at 9:15 a.m. on 25 January 2023.

**HOD**
**Political science**

**Principal**

श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय में कॉलेज प्राचार्य डॉ रश्मि छाबड़ा जी की अध्यक्षता में राजनीति शास्त्र विभाग में मतदाता दिवस मनाने के उपलक्ष में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ रजनी कुमारी ने कहा की भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और किसी भी लोकतंत्र का आधार उस देश में रहने वाले मतदाता होते हैं, अतः मतदाता दिवस को प्रतिवर्ष मनाने का उद्देश्य मतदाताओं को निष्पक्ष व निष्ठावान तरीके से अपने मतदान का सही उपयोग करने के लिए जागरूक करना है। इस शपथ समारोह का आयोजन डॉ रजनी कुमारी (विभागाध्यक्ष राजनीति शास्त्र विभाग )और डॉ प्रमिला यादव के दिशा निर्देशन में किया गया। इस शपथ ग्रहण कार्यक्रम में 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया।







मतदाता दिवस


मतदाता दिवस

## 5. Quiz Competition (07 February 2023)



# SH. L.N. Hindu College, Rohtak

Date: 01.02.2023

**NOTICE**

This is to inform all that Department of political science is going to organize a Quiz Competition in Room No. A-205 at 12:15 p.m. on 07 February 2023. Interested students have to fill the Google Form for Registration latest by 06 February 2023 and contact to Dr. Rajni Kumari and Dr. Promila Yadav for any query.

**Topic of Competition:** Indian Constitution

**Rules of the Competition:**

1. All Stream students can participate.
2. **Numbers of students in one Team:** 03 students per team
3. **Medium:** English/Hindi
4. **Screening Test:** If Number of Teams are more than 10.
5. **Negative Marking:** There will be No Negative Marking.

Rajni
**HOD**
**Political science**

**Principal**

श्री लाल नाथ हिन्दू महाविधालय में राजनीति शास्त्र विभाग के अंतर्गत कॉलेज प्राचार्या डॉ रश्मि छाबड़ा जी की अध्यक्षता में प्रशानोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | राजनीति शास्त्र विभागाध्याक्ष डॉ रजनी कुमारी ने बताया कि इस प्रशानोतरी प्रतियोगिता का विषय भारतीय सविधान रहा तथा इसमें 6 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया | इस प्रतियोगिता में भारतीय सविधान , प्रस्तावना , राष्ट्रपति , मौलिक अधिकार , मौलिक कर्तव्य , न्यायपालिका आदि विषयों पर सात राउंड चलायें गए | उन्होंने इस अवसर पर कहा कि प्रशानोतरी प्रतियोगिताओ से विधार्थियों में आत्मविश्वास बढता हैं साथ ही भविष्य की प्रतियोगी प्रतियोगिताओ में लाभ मिलता हैं | निर्णायक मंडल में डॉ रजनी कुमारी , डॉ प्रोमिला यादव और डॉ हर्षिता रही | प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अमन कुमार बी. ए. दिवितय वर्ष , रामबीर बी. ए. दिवितय वर्ष , रिम्पी शर्मा बी. ए. दिवितय वर्ष ने. दिवितय स्थान सुमित बी. ए. प्रथम वर्ष , अरुण नागिया बी. ए. प्रथम वर्ष और मीनू बी. ए. तृतीय वर्ष में तथा तृतीय स्थान वंदना बी. ए. दिवितय वर्ष , भावना बी. ए. दिवितय वर्ष ने प्राप्त किया | कॉलेज प्राचार्या डॉ रश्मि छाबड़ा विजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह कि प्रतियोगिताए विधार्थियों के लिए ज्ञान वर्धक होती हैं | इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्या डॉ रश्मि छाबड़ा , डॉ मिनाक्षी गुगनानी , डॉ रजनी कुमारी , डॉ प्रोमिला यादव , डॉ हर्षिता, डॉ पूजा चावला , डॉ परदीप शेओरण , डॉ परवीन शर्मा , डॉ रीना कत्याल और डॉ निधि उपस्थित रही |




GPS Map Camera
रोहतक,HR,भारत
New Rajendra Colony, रोहतक, 124001,
HR, भारत
Lat 28.892965, Long 76.561165
02/07/2023 12:34 PM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera


GPS Map Camera
रोहतक,HR,भारत
New Rajendra Colony, रोहतक, 124001,
HR, भारत
Lat 28.892901, Long 76.561104
02/07/2023 12:34 PM GMT+05:30


GPS Map Camera
रोहतक,HR,भारत
New Rajendra Colony, रोहतक, 124001,
HR, भारत
Lat 28.892773, Long 76.561055
02/07/2023 12:33 PM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera


GPS Map Camera
रोहतक,HR,भारत
New Rajendra Colony, रोहतक, 124001,
HR, भारत
Lat 28.892787, Long 76.561022
02/07/2023 12:33 PM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera


रोहतक,HR,भारत
New Rajendra Colony, रोहतक,
HR, भारत
Lat 28.892836, Long
02/07/2023 12:33 PM
Note : Captured by GPS Map




Department of Political Science
Quiz
Competition
07.2.2023
GPS Map Camera
रोहतक,HR,भारत
New Rajendra Colony, रोहतक, 124001,
HR, भारत
Lat 28.892901, Long 76.561080
02/07/2023 12:35 PM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera


Department of Political Science
Quiz
Competition
07.2.2023
GPS Map Camera
रोहतक,HR,भारत
New Rajendra Colony, रोहतक, 124001,
HR, भारत
Lat 28.892970, Long 76.561003
02/07/2023 12:56 PM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera




# भारतीय संविधान पर हिंदू कॉलेज में प्रश्नोतरी प्रतियोगिता आयोजित, अमन, रामबीर व रिम्पी रहे प्रथम

**रोहतक, गिरीश सैनी।** लाल नाथ हिंदू कॉलेज में मंगलवार को राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रश्मि छाबड़ा ने की। राजनीति शास्त्र विभागाध्याक्ष डॉ. रजनी कुमारी ने बतया कि इस प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का विषय भारतीय संविधान रहा। इस प्रतियोगिता में 6 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता में भारतीय संविधान, प्रस्तावना, राष्ट्रपति, मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य, न्यायपालिका आदि विषयों पर सात राउंड चलाए गए। निर्णायक मंडल की भूमिका



डॉ. रजनी कुमारी, डॉ. प्रोमिला यादव और डॉ. हर्षिता ने निभाई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अमन कुमार, रामबीर व रिम्पी शर्मा, द्वितीय स्थान सुमित, अरुण नागिया व मीनू तथा तृतीय स्थान वंदना व भावना ने प्राप्त किया।

प्राचार्य डॉ. रश्मि छाबड़ा ने विजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह कि प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के लिए ज्ञान वर्धक होती हैं। इस मौके पर डॉ. मिनाक्षी गुगनानी, डॉ. रजनी कुमारी, डॉ. प्रोमिला यादव, डॉ. हर्षिता, डॉ. पूजा चावला, डॉ. प्रदीप, डॉ. प्रवीन शर्मा, डॉ. रीना कत्याल और डॉ. निधि मौजूद रहे।

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में छह टीमों ने लिया हिस्सा




**रोहतक**| श्री लाल नाथ हिन्दू महाविद्यालय में राजनीति शास्त्र विभाग के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्या डॉ. रश्मि छाबड़ा ने की। राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. रजनी कुमारी ने बताया कि इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का विषय भारतीय संविधान रहा, जिसमें 6 टीमों ने भाग लिया। निर्णायक मंडल में डॉ. रजनी कुमारी, डॉ प्रोमिला यादव और डॉ. हर्षिता रहीं। प्रथम स्थान अमन कुमार बीए द्वितीय वर्ष, रामबीर बीए द्वितीय वर्ष, रम्पी शर्मा बीए द्वितीय वर्ष ने पाया।

# लाल नाथ हिंदू कॉलेज में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

रोहतक 07 फरवरी (स.ह.) : श्री लाल नाथ हिन्दू महाविधालय में राजनीति शास्त्र विभाग के अंतर्गत प्रशानोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया 7 राजनीति शास्त्र विभागाध्याक्ष डॉ. रजनी कुमारी ने बतया कि इस प्रशानोतरी प्रतियोगिता का विषय भारतीय सविधान रहा तथा इसमें 6 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया 7 इस प्रतियोगिता में भारतीय सविधान , प्रस्तावना, राष्ट्रपति, मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य, न्यायपालिका आदि विषयों पर सात राउंड चलायें गए।

उन्होंने कहा कि प्रशानोतरी प्रतियोगिताओं से विधार्थियों में आत्मविश्वास बढता हैं साथ ही भविष्य की प्रतियोगी प्रतियोगिताओ में लाभ मिलता हैं । निर्णायक मंडल में डॉ रजनी कुमारी, डॉ प्रोमिला यादव और डॉ हर्षिता रही।




*प्रशंसा पत्र के साथ प्रतियोगी विद्यार्थी एवं स्टाफ सदस्य।*

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अमन कुमार बी. ए. दिवितय वर्ष, रामबीर बी. ए. दिवितय वर्ष, रिम्पी शर्मा बी. ए. दिवितय वर्ष ने दिवितय स्थान सुमित बी. ए. प्रथम वर्ष, अरुण बी. ए. प्रथम वर्ष और मीनू बी. ए. तृतीय वर्ष में तथा तृतीय स्थान वंदना बी. ए. दिवितय वर्ष, भावना बी. ए. दिवितय वर्ष ने प्राप्त किया।

कॉलेज प्राचार्या डॉ रश्मि छाबड़ा ने विजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह कि प्रतियोगिताए विधार्थियों के लिए ज्ञान वर्धक होती हैं। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्या डॉ रश्मि छाबड़ा, डॉ मिनाक्षी गुगनानी, डॉ रजनी कुमारी, डॉ प्रोमिला यादव , डॉ हर्षिता, डॉ पूजा चावला, डॉ परदीप शेओरण, डॉ परवीन शर्मा, त्याल और डॉ निधि उपस्थित रही ।

## 6. Group Discussion Competition (13 April 2023)

# SH. L. N. HINDU COLLEGE, ROHTAK

Dated: 11.04.2023

## Notice

This is to inform all that Political Science Department is going to organize a Group Discussion on the occasion of Dr. B.R. Ambedkar Jayanti on 13th April, 2023 at 11.00 a.m. in Room No. A-203. Interested students may give their names to Dr. Rajni Kumari & Dr. Promila Yadav latest by 12th April, 2023.

Rajni
H.O.D
Political Science

Principal

आज श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय में कॉलेज प्राचार्य डॉ रश्मि रश्मि छाबड़ा जी की अध्यक्षता में राजनीति शास्त्र विभाग में समूह चर्चा का आयोजन किया गया इस अवसर पर राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ रजनी कुमारी ने बताया कि डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती मनाने के उपलक्ष में समूह चर्चा का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय से 31छात्र छात्राओं अमन, सुमित, लगन रिंपी,शेफाली आदि ने उत्साह पूर्वक बढ़ चढ़कर भाग लिया और डॉ भीमराव अंबेडकर जी के आदर्श और उच्च जीवन प्रेरणादाई विचारों पर समूह चर्चा की l छात्र छात्राओं ने विचार व्यक्त करते हुए बताया की डॉ भीमराव अंबेडकर बहुआयामी व्यक्तित्व के विद्वान थे उन्होंने समाज में फैली बुराइयों को समाप्त करने में न केवल अपना जीवन अर्पित किया बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित किया है इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ रश्मि छाबड़ा ने कहा कि बाबा साहब हमें संविधान देकर गए हैं जिनके आधार पर हम विश्व गुरु होने का स्वपन देख रही हैं। भारत का संविधान दुनिया के देश संविधान में से एक है और इस संविधान के बनने में निर्माण में बाबा साहब का एक अहम योगदान रहा है, 25 नवंबर 1949 को संविधान सभा में अपना भाषण अंतिम भाषण देते हुए डॉ भीमराव अंबेडकर ने कहा था संविधान की सफलता भारत के लोगों और राजनीतिक दलों के आचरण पर निर्भर करेगी।इस अवसर पर राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ रजनी कुमारी ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर सदैव ही गरीबों और मजदूरों के लिए जीवन भर संघर्ष करते रहे निश्चित रूप से बाबा साहब संघर्ष और समरसता की प्रतिमूर्ति थे। बाबा साहब ने कहा था कि सब को साथ लिए बिना हम भारत के उत्थान की कल्पना नहीं कर सकते । समूह चर्चा में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ अंजू देशवाल, डॉ प्रोमिला यादव और श्रीमती हर्षिता छिकारा ने निभाई ने निभाई जिसमें प्रथम स्थान सुमित b.a. प्रथम वर्ष का छात्र द्वितीय स्थान राहुल हुड्डा b.a. प्रथम वर्ष तृतीय स्थान अमन कुमार b.a. द्वितीय वर्ष तथा सांत्वना पुरस्कार लगन व रिंपी ने प्राप्त किया इस अवसर पर डॉ मीनाक्षी गुगनानी, डॉ अंजू देशवाल, डॉ रजनी कुमारी, डॉ प्रोमिला यादव, डॉ सुमित कुमारी दहिया, डॉ प्रवीण , श्रीमती हर्षिता व सभी प्रतिभागी उपस्थित रहे l







राजनीति शास्त्र विभाग
शुभकामनाएँ














रोहतक। डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में लाल नाथ हिंदू कॉलेज में प्राचार्य डॉ. रश्मि छाबड़ा की अध्यक्षता में राजनीति शास्त्र विभाग में समूह चर्चा का आयोजन किया गया। राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. रजनी कुमारी ने बताया कि इस समूह चर्चा में 31 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए डॉ. आंबेडकर के आदर्शों, उच्च जीवन और प्रेरणादायी विचारों पर समूह चर्चा की। प्राचार्य डॉ. रश्मि छाबड़ा ने कहा कि बाबा साहब हमें संविधान देकर गए। संविधान सभा में अपना अंतिम भाषण देते हुए उन्होंने कहा था कि संविधान की सफलता भारत के लोगों और राजनीतिक दलों के आचरण पर निर्भर करेगी । विभागाध्यक्ष डॉ. रजनी कुमारी ने कहा कि डॉ. आंबेडकर सदैव ही गरीबों और मजदूरों के लिए जीवन भर संघर्ष करते रहे। इस समूह चर्चा में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. अंजू देशवाल, डॉ. प्रोमिला यादव और हर्षिता छिकारा ने निभाई। सुमित प्रथम, राहुल द्वितीय तथा अमन तृतीय स्थान पर रहे। सांत्वना पुरस्कार लगन व रिंपी को मिला। इस मौके पर डॉ. मीनाक्षी गुगनानी, डॉ. सुमित कुमारी दहिया, डॉ. प्रवीण सहित अन्य प्राध्यापक एवं प्रतिभागी मौजूद रहे।